# बिहार सरकार
## पथ निर्माण विभाग
### अधिसूचना

अधि०सं०—निग / सारा—04 (पथ) आरोप—36 / 2026 5123(S) / पटना, दिनांक 22.7.2

पथ प्रमंडल, बाँका अंतर्गत विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला, 2026 को दिनांक—30.07.2026 से प्रारम्भ होने के आलोक में इस मेला से संबंधित सभी सड़कों का विभिन्न तिथियों में जिला पदाधिकारी, बाँका के द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। साथ ही समाचार पत्रों में लगातार प्रकाशित हो रही नकारात्मक खबरों एवं अनुमंडल पदाधिकारी, बाँका के पत्रांक—1868(गो०) दिनांक—11.07.2026 एवं पत्रांक—1981(गो०) दिनांक—21.07.2026 के जाँच प्रतिवेदन से स्पष्ट होता है कि इस अत्यन्त महत्वपूर्ण आयोजन में समयबद्ध राजकीय प्रतिबद्धता के बावजूद सड़कों की मरम्मति का कार्य ससमय पूर्ण नहीं किया गया।

2. उल्लेखनीय है कि जिला पदाधिकारी, बाँका के द्वारा विभिन्न समीक्षात्मक बैठकों के दौरान कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बाँका को जिलान्तर्गत मेले से संबंधित सभी महत्वपूर्ण सड़कों को ससमय यातायात योग्य बनाने हेतु स्पष्ट निर्देश दिये गये थे। उपर्युक्त निरीक्षण में पायी गयी अनियमितता के आलोक में जिला पदाधिकारी के पत्रांक—1122(गो०) दिनांक—18.07.2026 द्वारा श्री संजीव कुमार सिंह से स्पष्टीकरण की मांग की गयी, जो जिला पदाधिकारी के द्वारा विभाग को समर्पित किये गये एतद् संबंधित प्रतिवेदन के तिथि—21.07.2026 तक अप्राप्त है।

3. श्री सिंह का उक्त कृत्य उनके घोर प्रशासनिक शिथिलता, कर्त्तव्यहीनता एवं वरीय पदाधिकारी के आदेशों का अवहेलना को दर्शाता है। अतः श्री संजीव कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बाँका को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम—9 (1)(क) के तहत् तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

4. निलंबन अवधि में श्री सिंह का मुख्यालय अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, पूर्णियाँ का कार्यालय निर्धारित किया जाता है।

5. निलंबन अवधि के दौरान श्री सिंह को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियम—10 के अध्याधीन शर्त्तों के तहत् अनुमान्य जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

6. इनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई प्रारम्भ करने हेतु नियमानुसार अलग से आरोप पत्र निर्गत किया जायेगा।

7. प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

**बिहार राज्यपाल के आदेश से,**

ह० / —
**सरकार के उप सचिव,**
**पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।**

**ज्ञापांकः—** निग / सारा—04 (पथ) आरोप—36 / 2026 / पटना, दिनांक..........................

**प्रतिलिपिः—** महालेखाकार (ले० एवं ह०) का कार्यालय, बिहार, पटना / प्रभारी पदाधिकारी (वि०वै०दा०नि०को०), वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० / —
**सरकार के उप सचिव,**
**पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।**

कृ०पृ०उ०

**ज्ञापांक :– निग / सारा–04 (पथ) आरोप–36 / 2026** **/ पटना, दिनांक**............................
**प्रतिलिपिः–** प्रभारी पदाधिकारी, ई0 गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना को हार्ड कॉपी एवं सी०डी० के साथ बिहार राजपत्र में प्रकाशनार्थ प्रेषित (द्वारा– आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना)।

ह० / –
सरकार के उप सचिव,
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

**ज्ञापांकः– निग / सारा–04 (पथ) आरोप–36 / 2026** **/ पटना, दिनांक**............................
**प्रतिलिपिः–** सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / प्रधान सचिव / सचिव, भवन निर्माण विभाग / ग्रामीण कार्य विभाग / विशेष सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / संयुक्त सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / अभियंता प्रमुख (मु०), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / सभी मुख्य अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पटना / अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, पूर्णियाँ / अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, भागलपुर / कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बाँका / उप सचिव (निगरानी), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / अवर सचिव, मुख्यालय / लेखा, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, पथ निर्माण विभाग, पटना / प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–1 / 2 / 6 / 13 / 14, एवं 30 (लेखा शाखा), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना एवं **श्री संजीव कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बाँका** को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

स्पीड पोस्ट / ई–मेल

ह० / –
सरकार के उप सचिव,
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

**ज्ञापांकः– निग / सारा–04 (पथ) आरोप–36 / 2026** **/ पटना, दिनांक**............................
**प्रतिलिपिः–** उप सचिव (प्र०को०), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० / –
सरकार के उप सचिव,
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

**ज्ञापांकः– निग / सारा–04 (पथ) आरोप–36 / 2026** 5124(S) **/ पटना, दिनांक** 22.7.26
**प्रतिलिपिः–** आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय web-site पर प्रदर्शित करने हेतु प्रेषित।

22.7.2026
सरकार के उप सचिव,
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।